Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7469	23.06.2023	23.06.2023	Bijapur Chhattisgarh	www.etvbharat.com/Hindi https://www.etvbharat.com/hindi/chhattisgarh/state/bijapur/outbreak-of-diarrhea-in-bijapur-villages-kutru-phc-of-bhairamgarh-block/ct20230623123809073073741
Title:	**300 cases of diarrhea have been found from 13 villages in Bijapur, Chhattisgarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Bijapur, SSU- Chhattisgarh			

जिले के फरसेगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र के करीब 13 गांव में उल्टी दस्त का प्रकोप फैला हुआ हैं. दो दिनों में ही इन गांवों के 300 ग्रामीण डायरिया का इलाज कराने पहुंचे हैं. इनमें से कुछ गंभीर मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू रेफर किया गया हैं. सीएमएचओ ने फरसेगढ़ जाकर वहां एक शिविर लगाया है और मरीजों का इलाज कराने में जुटे हैं.

उल्टी दस्त की चपेट में 13 गांव के ग्रामीण: भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरू पीएचसी के तहत आने वाले फरसेगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र के 13 गांव के ग्रामीण इन दिनों उल्टी दस्त की चपेट में हैं. सागमेटा, कुपरेल, छोटे आलवाड़ा, मुचलेर, मंडेम, एड्सगुण्गुडी कुरलापल्ली और फरसेगढ़ सहित 13 गांव के ग्रामीण आलीज के लिए सव्स्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं. उल्टी दस्त से ग्रसित इन ग्रामीणों का उपचार फरसेगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र में जारी है. डॉक्टर निखलेश नंद, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर रमेश तिग्गा और डॉक्टर पीएन त्रिपाठी की टीम मरीजो के उपचार में जुटी हुई है.

दो दिनों में इलाज के लिए पहुंचे 300 मरीज: यहां फरसेगढ़ सब हेल्थ सेंटर के प्रभारी डॉक्टर निखलेश नंद ने बताया कि "कुछ दिनों से फरसेगढ़ और आसपास के 13 से 14 गांवों के ग्रामीणों में उल्टी दस्त फैला हुआ है.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

बुधवार और गुरुगुवार को 300 के करीब मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचे थे. कुछ मरीजों को कुटरू पीएचसी रेफर किया गया हैं. डॉक्टर रमेश तिग्गा और डॉक्टर निखलेश नंद के मुताबिक ज्यादा गर्मी पड़ने से ग्रामीणों के शरीर में पानी की कमी के चलते उन्हें उल्टी दस्त होने लगा था. मरीजों को यहां ड्रीप लगाकर दवाइयां दी जा रही है. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैं."

बालक आश्रम भवन में मरीजों का इलाज जारी: फरसेगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही बालक आश्रम भवन में भी मरीजों का इलाज चल रहा है. नौबत यह आ गई कि मरीजों को बेड की जगह जमीन पर लिटाकर ड्रिप लगाया जा रहा है. स्वास्थ्य केंद्र भवन छोटा होनेकी वजह से एक साथ मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पा रहा है. नये भवन मेंबिजली पानी की व्यवस्था नहीं होनेके कारण बालक आश्रम भवन में मरीजों का इलाज कराया जा रहा है.